प्रादेषिक समाचार

दिनांक–12.09.2024 (दोपहर–1455 बजे)

राज्यपाल ने संतोष कुमार गंगवार ने आज राज भवन में रांची के क्षेत्रीय पासपोर्ट कार्यालय की ओर से प्रकाशित वार्षिक राजभाषा गृहपत्रिका सोहराई के चतुर्थ अंक का लोकार्पण कियां इस दौरान राज्यपाल ने इसके प्रकाशन के लिए क्षेत्रीय पासपोर्ट कार्यालय के सभी पदाधिकारियों और कर्मियों को बधाई दीं

''''''''''''''''''

विधानसभा चुनाव को लेकर भाजपा नेताओं का झारखंड दौरा लगातार जारी हैं इस सिलसिले में झारखंड भाजपा के प्रभारी लक्ष्मीकांत वाजपेयी आज रांची पहुंचें इस दौरान पत्रकारों से बातचीत में उन्होंने बांग्लादेशी घुसपैठ के मामले में फिर राज्य सरकार पर हमला बोलां उन्होंने दावा किया कि आने वाले विधानसभा चुनाव में भाजपा नेतृत्व वाले एनडीए को पूर्ण बहुमत प्राप्त होगां श्री वाजपेयी आज प्रदेश मुख्यालय में पार्टी नेताओं के साथ बैठक करेंगे और विधानसभा चुनाव की तैयारियों की समीक्षा करेंगें

''''''''''''''''''

झारखंड विधानसभा चुनाव को लेकर पूरे प्रदेश में कांग्रेस पार्टी भी जोर–शोर से तैयारी में जुट गई हैं प्रदेश अध्यक्ष की जिम्मेदारी मिलते ही केशव महतो कमलेश लगातार विभिन्न जिलों का दौरा कर रहे हैं इस दौरान अलग–अलग विधानसभा क्षेत्रों का भ्रमण कर वहां के स्थानीय कार्यकर्ताओं से मुलाकात कर रहे हैं और उनमें ऊर्जा भरने का काम कर रहे हैं इस सिलसिले में वे कल देवघर में पार्टी कार्यकर्ताओं के साथ बैठक करेंगें इसे लेकर पार्टी कार्यकर्ताओं में खासा उत्साह देखने को मिल रहा हैं

''''''''''''''''''

भाकपा माले के केन्द्रीय महासचिव दीपांकर भट्टाचार्य ने कहा है कि झारखंड विधानसभा चुनाव को लेकर गठबंधन के घटक दलों के बीच सीट शेयरिंग को लेकर मंथन जारी हैं धनबाद के मैथन में आयोजित पार्टी केन्द्रीय कमिटी की बैठक के बाद पत्रकारों से बातचीत में उन्होंने कहा कि भाजपा की साजिश विफल करने के लिए गठबंधन के सभी दलों को एकजुट रहने की जरुरत हैं

''''''''''''''''''

झारखंड उच्च न्यायालय ने ग्रामीण विकास मंत्री डॉ. इरफान अंसारी की उस याचिका को खारिज कर दिया है, जिसमें उन्होंने दुमका सिविल कोर्ट द्वारा चार्ज फ्रेम किये जाने को चुनौती दी थीं याचिका खारिज होने के बाद अब ट्रायल कोर्ट इस मामले की सुनवाई शुरू करेगां दरअसल वर्ष 2018 में दुष्कर्म की शिकार हुई एक बच्ची की तस्वीर अस्पताल से वायरल होने के मामले में इरफान अंसारी के खिलाफ अदालत ने संज्ञान लिया थां

''''''''''''''''''

जमीन के रिकॉर्ड में छेड़छाड़ से जुड़े मामले में भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो–एसीबी की टीम आज दूसरे दिन भी हजारीबाग के एसडीओ शैलेश कुमार और नोवामुंडी में पदस्थापित मनोज कुमार के ठिकानों पर छापेमारी कर रही हैं सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार रांची में मनोज कुमार के दो मकान हैं, जहां जांच चल रही हैं वहीं शैलेश कुमार का भी रांची में एक आलीशान घर मिला हैं दोनों ही स्थानों पर एसीबी की टीम छापेमारी कर रही हैं

''''''''''''''''''

झारखंड प्रशासनिक संघ, झासा ने अपनी मांगों के समर्थन में आंदोलन की घोषणा की हैं इसके तहत वे आज काला बिल्ला लगाकर अपना विरोध जता रहे हैं संघ की अध्यक्ष रंजीता हेम्ब्रम ने कहा कि वे लोग कल तक काला बिल्ला लगाकर काम करेंगें इसके बाद भी अगर सरकार ने उनकी मांगों पर विचार नहीं किया तो आंदोलन को लेकर आगे की रणनीति तय की जायेगीं उन्होंने सरकार पर राज्य प्रशासनिक पदाधिकारियों की उपेक्षा का आरोप लगायां

''''''''''''''''''

लातेहार जिला प्रशासन आगामी विधानसभा चुनाव की तैयारियों में जुट गया हैं और जानकारी दे रहे हैं हमारे संवाददाता–

''''''''''''''''''

22वें नेशनल सॉफ्टबॉल क्रिकेट टूर्नामेंट में झारखंड की टीम चैंपियन बनी हैं उत्तर प्रदेश के मथुरा में आयोजित प्रतियोगिता के फाइनल में झारखंड की टीम ने महाराष्ट्र को शिकस्त दीं इस टीम में कोडरमा के

चार खिलाड़ी शामिल थें खिताब जीतकर लौटने पर कोडरमा में टीम के सदस्यों का शानदार स्वागत किया गयां

''''''''''समाप्त''''''''